Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# UKPSC Investigator & ASO

## Previous Year Paper

### (Economics)

### 07 Oct, 2024

Teachingninja.in

पेपर सील खोले बगैर इस तरफ से उत्तर शीट को बाहर निकालें ।
**Without opening the Paper seal take out Answer Sheet from this side.**

**ASE**

**परीक्षा का वर्ष : 2024**

**प्रश्न-पुस्तिका**

**प्रश्न-पत्र-II (वैकल्पिक विषय)**

**प्रश्न-पुस्तिका शृंखला**

**A**

**अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें**

**शब्दों में**

# अर्थशास्त्र / व्यावहारिक अर्थशास्त्र / व्यावसायिक अर्थशास्त्र / अर्थमिति

# ECONOMICS / APPLIED ECONOMICS / BUSINESS ECONOMICS / ECONOMETRICS

**समय : 03:00 घंटे** | **Time : 03:00 Hours**

**पूर्णांक : 200** | **Maximum Marks : 200**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

## महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अनुक्रमांक के अतिरिक्त कुछ न लिखें ।
2. **यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।**
3. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय-कोड एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज का अंकन OMR Answer Sheet में निर्दिष्ट कॉलम में सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।**
4. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु केवल प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का ही उपयोग करें । अलग से इस हेतु वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी ।**
5. इस प्रश्न-पुस्तिका में **200 प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रकार)** हैं । प्रश्न-पुस्तिका में अंकित सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
6. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर, प्रश्न के नीचे (a), (b), (c) एवं (d) दिये गये हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. आंसर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें ।**
7. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु दिए गए गलत उत्तर के लिए या अभ्यर्थी द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का **एक-चौथाई** अंक दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
8. **आपके द्वारा सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिया जाना अनिवार्य है ।** ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा ।
9. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में वांछित सूचनाओं को अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व भरा जाना अनिवार्य है ।
10. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक तीन प्रतियों (मूल प्रति, कार्यालय प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति) में है । परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की मूल प्रति एवं कार्यालय प्रति अन्तरीक्षक (Invigilator) को हस्तगत करने के उपरान्त ही कक्ष छोड़ें । अन्यथा की स्थिति में आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की अभ्यर्थी प्रति, अभ्यर्थी अपने साथ ले जा सकते हैं ।**
11. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक प्रतीक्षा करें, जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
12. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. आंसर शीट पर अभ्यर्थी द्वारा अंकित सीरीज कोड (A, B, C, D) के आधार पर ही किया जायेगा ।
13. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) निकालने के पश्चात् ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड (A, B, C, D) की प्रविष्टि सावधानीपूर्वक करें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**जब तक कहा न जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

**महत्त्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका सीलबंद न हो अथवा कोई अन्य कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

Teachingninja.in

1. Which is not a cause of cost-push inflation ?
(a) Oil price shocks
(b) Increase in D.A. of employees
(c) Wage push inflation
(d) Farm price shocks

2. Who introduced liquidity preference theory of interest ?
(a) J.B. Say
(b) Prof. Pigou
(c) Alfred Marshall
(d) J.M. Keynes

3. With reference to 'Mundell-Fleming Model' which of the following statement is/are correct ?
A. The model is based on IS-LM curve model implementation in open economy.
B. It does not assume perfect mobility of capital.
(a) Only A
(b) Only B
(c) Both A and B
(d) Neither A nor B

4. Under liquidity trap condition, supply of money would affect
(a) increase in interest rate
(b) decrease in interest rate
(c) no change in interest rate
(d) None of these

5. Select the correct answer according to the statement of following questions and argument code for their answer :
**Statement (A) :** According to the life cycle theory of consumption, a person's level of consumption depends not only on his current income but on his long-term expected income.
**Argument (R) :** A person is expected to plan his expenditure pattern based on his expected income during his life time.
(a) (A) right but (R) wrong
(b) Both are wrong
(c) (A) wrong but (R) right
(d) Both are right

6. Net National Product (NNP) at factor cost is :
(a) Equal to the National Income
(b) Always more than GNP
(c) More than National Income
(d) Less than National Income

7. The graph of autonomous investment in the investment-national income plane is :
(a) Upward sloping
(b) Downward sloping
(c) Parallel to national income axis
(d) Parallel to investment axis

8. According to Dusenberry's opinion, which of the following reasons will have a serious and adverse impact on the balance of payments of the least developed countries ?
(a) Demonstration effect
(b) Multiplier effect
(c) Backwash effect
(d) Spread effect

9. Which of the following activity is related to the tertiary sector of the economy ?
(a) Wheat production
(b) Banking & Insurance
(c) Mobile manufacturing
(d) Animal husbandry

10. Saving and investment functions for a closed economy are given below :
$S = -20 + 0.4Y$
$I = 20 + 0.2Y$
What will be the level of consumption at equilibrium level ?
(a) 140
(b) 280
(c) 70
(d) 220


Teachingninja.in

**1.** कौन सा लागत बढ़ोतरी मुद्रास्फीति का कारण नहीं है ?
(a) तेल की कीमतों में हुए परिवर्तन
(b) कर्मचारियों के बढ़े हुए डी.ए.
(c) मजदूरी की मात्रा में वृद्धि से मुद्रास्फीति
(d) कृषि वस्तुओं की कीमत में वृद्धि

**2.** ब्याज का तरलता पसंदगी सिद्धान्त किस अर्थशास्त्री ने दिया था ?
(a) जे.बी. से (b) प्रो. पीगू (c) अल्फ्रेड मार्शल (d) जे.एम. केन्ज

**3.** 'मुन्डेल-फ्लेमिंग मॉडल' के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?
A. यह मॉडल खुली अर्थव्यवस्था में IS-LM वक्र मॉडल कार्यान्वयन पर आधारित है ।
B. यह पूँजी की पूर्ण गतिशीलता को मान्य नहीं करता है ।
(a) केवल A (b) केवल B (c) A तथा B दोनों (d) न तो A और न ही B

**4.** तरलता जाल की स्थिति में धन की आपूर्ति प्रभावित करेगी :
(a) ब्याज दर में वृद्धि
(b) ब्याज दर में कमी
(c) ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं
(d) इनमें से कोई नहीं

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के कथन और उनके उत्तर के कारण का कूट के अनुसार सही उत्तर का चयन कीजिए :
**कथन (A) :** उपभोग के जीवन चक्र के सिद्धान्त के अनुसार, किसी व्यक्ति के उपभोग का स्तर उसकी मौजूदा आय पर ही नहीं वरन् उसकी दीर्घकालीन अपेक्षित आय पर भी निर्भर करता है ।
**तर्क (R) :** व्यक्ति से यह उम्मीद की जाती है कि वह अपने जीवन काल में प्रत्याशित आय के आधार पर ही खर्च के नमूने की योजना बनाएगा ।
(a) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।
(b) दोनों गलत हैं ।
(c) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।
(d) दोनों सही हैं ।

**6.** शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (एन.एन.पी.) कारक लागत पर है
(a) राष्ट्रीय आय के बराबर
(b) हमेशा सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जी.एन.पी.) से अधिक
(c) राष्ट्रीय आय से अधिक
(d) राष्ट्रीय आय से कम

**7.** निवेश-राष्ट्रीय आय स्तर पर स्वायत्त निवेश का ग्राफ है
(a) ऊपर की ओर जाता हुआ
(b) नीचे की ओर आता हुआ
(c) राष्ट्रीय आय अक्ष के समानान्तर
(d) निवेश अक्ष के समानान्तर

**8.** डुसेनबेरी की राय के अनुसार, निम्नलिखित में से किस कारण से अल्पविकसित देशों के भुगतान शेष पर गम्भीर एवं प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ?
(a) प्रदर्शन प्रभाव (b) गुणक प्रभाव (c) बैकवाश प्रभाव (d) व्यापक प्रभाव

**9.** निम्नलिखित में से कौन सी गतिविधि अर्थव्यवस्था के तृतीयक क्षेत्र से सम्बन्धित है ?
(a) गेहूँ का उत्पादन (b) बैंकिंग एवं बीमा (c) मोबाइल उत्पादन (d) पशुपालन

**10.** किसी बंद अर्थव्यवस्था के लिए बचत एवं निवेश के समीकरण नीचे दिए गए हैं :
$S = -20 + 0.4Y$
$I = 20 + 0.2Y$
सन्तुलन स्तर पर उपभोग का स्तर क्या होगा ?
(a) 140 (b) 280 (c) 70 (d) 220


Teachingninja.in

11. The rate of net investment expenditure over time depends on the strength of the downward slope of :
(a) Marginal efficiency of investment curve
(b) Marginal efficiency of capital curve
(c) LM curve
(d) IS curve

12. The slope of the Investment Saving (IS) curve depends on :
(a) Elasticity of investment demand curve
(b) Autonomous expenditure
(c) Size of multiplier
(d) Both (a) and (c)

13. A.W. Phillips' wage tradeoff is based on which of the following ?
(a) Static expectation hypothesis
(b) Adaptive expectation hypothesis
(c) Extrapolated expectation hypothesis
(d) Rational expectation hypothesis

14. Read the following statements about GNP (Gross National Product) and select the correct answer.
(a) Nominal and real GNP are same during inflation.
(b) Nominal GNP is more than real GNP if prices are increasing.
(c) GNP and Net economic welfare are same.
(d) Problem of double counting is not found while calculating GNP.

15. According to rational expectation theory, long run Phillips curve is :
(a) Vertical straight line
(b) Downward sloping
(c) Upward sloping
(d) Rectangular hyperbola

16. If inflation rate is 5% and nominal interest rate is at 10%, what is the real interest rate ?
(a) 1%
(b) 12%
(c) 5%
(d) 15%

17. A 'laissez-faire' economy is :
(a) Mixed economy
(b) Controlled economy
(c) Free market capitalist economy
(d) Socialist economy

18. Keynesian theory is related to :
(a) Micro economics
(b) Macro economics
(c) Demography
(d) Econometrics

19. Unemployment caused by the move from one job to another job is called :
(a) Seasonal unemployment
(b) Technical unemployment
(c) Frictional unemployment
(d) Cyclical unemployment

20. In the short run, when actual rate of inflation exceeds expected rate of inflation, the unemployment rate will :
(a) remains unaffected
(b) falls below the natural rate
(c) be equal to natural rate
(d) rise above the natural rate

21. Which of the following is a development model ?
(a) Linear repression model
(b) Harrod-Domar model
(c) Phillips curve
(d) Interpretive structural model


Teachingninja.in

11. समय के साथ शुद्ध निवेश व्यय की दर किसकी नीचे की ओर ढलान की तीव्रता पर निर्भर करती है ?
(a) निवेश वक्र की सीमान्त दक्षता
(b) पूँजी वक्र की सीमान्त दक्षता
(c) एल.एम. वक्र
(d) आई.एस. वक्र

12. निवेश–बचत (आई एस) वक्र का ढलान किस पर निर्भर करता है ?
(a) निवेश माँग वक्र की लोच पर
(b) स्वायत्त व्यय पर
(c) गुणक के आकार पर
(d) (a) एवं (c) दोनों पर

13. ए.डब्ल्यू. फिलिप्स का मजदूरी ट्रेड–ऑफ निम्नलिखित में किस पर आधारित है ?
(a) स्थैतिक अपेक्षाएँ परिकल्पना
(b) अनुकूली अपेक्षाएँ परिकल्पना
(c) बहिर्वेशित अपेक्षाएँ परिकल्पना
(d) तर्कसंगत अपेक्षाएँ परिकल्पना

14. जी.एन.पी. (सकल राष्ट्रीय उत्पाद) के बारे में निम्न कथनों को पढ़ें एवं सही उत्तर को चुनें :
(a) मुद्रास्फीति के दौरान अंकित एवं वास्तविक जी.एन.पी. समान होती है।
(b) अंकित जी.एन.पी. वास्तविक जी.एन.पी. से अधिक होती है यदि मूल्य वृद्धि हो रही है।
(c) जी.एन.पी. एवं निवल आर्थिक कल्याण समान हैं।
(d) जी.एन.पी. की गणना करते समय दोहरी गणना की समस्या नहीं होती है।

15. तर्कसंगत अपेक्षा सिद्धान्त के अनुसार, दीर्घकालिक फिलिप्स वक्र है :
(a) खड़ी सीधी रेखा
(b) नीचे की ओर ढलान
(c) ऊपर की ओर ढलान
(d) आयताकार अतिपरिवलय

16. यदि मुद्रास्फीति की दर 5% है और ब्याज की अंकित दर 10% है, तब वास्तविक ब्याज की दर क्या होगी ?
(a) 1%
(b) 12%
(c) 5%
(d) 15%

17. 'लेसेज–फेयरे' अर्थव्यवस्था है
(a) मिश्रित अर्थव्यवस्था
(b) नियन्त्रित अर्थव्यवस्था
(c) मुक्त बाज़ार पूँजीवादी अर्थव्यवस्था
(d) समाजवादी अर्थव्यवस्था

18. केन्ज के सिद्धान्त का सम्बन्ध किससे है ?
(a) सूक्ष्म अर्थशास्त्र से
(b) समष्टि अर्थशास्त्र से
(c) जनांकिकी से
(d) अर्थमिति से

19. एक रोज़गार से दूसरे रोज़गार को जाने से उत्पन्न बेरोज़गारी को क्या कहते हैं ?
(a) मौसमी बेरोज़गारी
(b) तकनीकी बेरोज़गारी
(c) घर्षणात्मक बेरोज़गारी
(d) चक्रीय बेरोज़गारी

20. अल्प अवधि में जब वास्तविक मुद्रास्फीति दर, प्रत्याशित मुद्रास्फीति दर से अधिक होता है, तो बेरोज़गारी दर
(a) अप्रभावित होगा।
(b) प्राकृतिक दर से कम होगा।
(c) प्राकृतिक दर के बराबर होगा।
(d) प्राकृतिक दर से अधिक होगा।

21. निम्नलिखित में से कौन सा विकास का मॉडल है ?
(a) रेखीय प्रतिगमन मॉडल
(b) हैरोड–डोमर मॉडल
(c) फिलिप्स वक्र
(d) इंटरप्रेटिव–स्ट्रकचरल मॉडल


Teachingninja.in

**22.** Which of the following is not a development index ?
(a) Human Development Index (b) Gender Inequality Index
(c) Multi-Dimensional Poverty Index (d) Price Index

**23.** As per Economy Survey 2022-23, the real GDP growth (revised estimates) in India for the year 2020-21 was :
(a) –1.9% (b) –7.0% (c) –2.3% (d) –5.1%

**24.** NABARD is :
(a) National Board of Agriculture and Rural Development
(b) National Board of Agriculture Research and Development
(c) National Bank for Agriculture and Rural Development
(d) None of the above

**25.** The concept of balanced growth implies :
(a) The balanced growth of exports and imports
(b) The balanced growth of public and private sectors
(c) The balanced growth of industry and agriculture
(d) All-round and harmonious development of the various sectors of the economy

**26.** According to the Human Development Report 2021-22, the country whose HDI value was highest, is :
(a) Norway (b) Iceland (c) Switzerland (d) Hong Kong

**27.** According to World Happiness Report 2023, India's Happiness Index rank is :
(a) 122 (b) 126 (c) 136 (d) 140

**28.** According to the Human Development Report, which one of the following is not the part of Gender Inequality Index ?
(a) Reproductive Health (b) Empowerment
(c) Labour Market (d) Life expectancy at birth

**29.** Read the following :
1. Population growth
2. Output per head
3. Capital accumulation
4. Consumption level

Which of the above are basic elements of economic growth in Harrod's model ?
(a) 1 and 2 (b) 2 and 3 (c) 1, 2 and 3 (d) 2, 3 and 4

**30.** Unlimited possibilities of substitution between capital and labour in the production function is an assumption of :
(a) Classical growth model (b) Neoclassical growth model
(c) Keynesian growth model (d) Hicksian growth model

**31.** Which of the following is not the main goal of Econometrics ?
(a) Testing of economic theory
(b) Estimation of coefficient of economic relationship
(c) Forecasting
(d) Distribution of data


Teachingninja.in

**22.** निम्न में से कौन सा विकास सूचकांक नहीं है ?

(a) मानव विकास सूचकांक
(b) लैंगिक असमानता सूचकांक
(c) बहुआयामी निर्धनता सूचकांक
(d) मूल्य सूचकांक

**23.** आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, वर्ष 2020-21 में भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर (पुनरक्षित अनुमान) कितनी थी ?

(a) –1.9%
(b) –7.0%
(c) –2.3%
(d) –5.1%

**24.** नाबार्ड है

(a) राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बोर्ड
(b) राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान एवं विकास बोर्ड
(c) राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**25.** संतुलित संवृद्धि की अवधारणा का तात्पर्य है

(a) आयात और निर्यात की संतुलित संवृद्धि
(b) निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों की संतुलित संवृद्धि
(c) औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों की संतुलित संवृद्धि
(d) अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों का सर्वांगीण एवम् सामन्जस्यपूर्ण विकास

**26.** मानव विकास रिपोर्ट 2021-22 के अनुसार, वह देश जिसका एच.डी.आई. मान सर्वोच्च था, वह है

(a) नॉर्वे
(b) आइसलैण्ड
(c) स्विट्जरलैण्ड
(d) हांगकांग

**27.** विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत का प्रसन्नता सूचकांक का क्रम है

(a) 122
(b) 126
(c) 136
(d) 140

**28.** मानव विकास रिपोर्ट के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा जेन्डर इनइक्वलिटी इंडेक्स का भाग नहीं है ?

(a) प्रजनन स्वास्थ्य
(b) सशक्तिकरण
(c) श्रम बाज़ार
(d) जन्म के समय जीवन प्रत्याशा

**29.** निम्नलिखित को पढ़ें :

1. जनसंख्या वृद्धि
2. प्रति व्यक्ति उत्पादन
3. पूँजी संचय
4. उपभोग स्तर

उपर्युक्त में कौन सा/से हैरोड मॉडल के आर्थिक वृद्धि के आधारभूत तत्त्व हैं ?

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) 2, 3 और 4

**30.** उत्पादन फलन में पूँजी एवं श्रम के बीच असीमित प्रतिस्थापन की सम्भावनाओं की मान्यता है :

(a) क्लासिकल वृद्धि मॉडल की
(b) नियो-क्लासिकल वृद्धि मॉडल की
(c) केन्जियन वृद्धि मॉडल की
(d) हिक्सियन वृद्धि मॉडल की

**31.** निम्न में से कौन अर्थमिति का मुख्य लक्ष्य नहीं है ?

(a) अर्थशास्त्र के सिद्धान्त का परीक्षण
(b) आर्थिक सम्बन्ध के गुणांक का अनुमान
(c) पूर्वानुमान
(d) संख्याओं का वितरण



Teachingninja.in

**32.** "Econometrics is concerned with the empirical determination of economic laws." The above stated definition is given by –
(a) H. Theil (b) P.A. Samuelson (c) Marshall (d) Adam Smith

**33.** Negative residual autocorrelation is indicated by which of the following ?
(a) A complete randomness in the residuals.
(b) A cyclical pattern in the residuals
(c) An alternating pattern in the residuals
(d) Residuals whose value are close to zero

**34.** It multicollinearity is less than perfect, the regression coefficients are :
(a) Indeterminate (b) Determinate with large standard errors
(c) Small positive numbers (d) Small negative numbers

**35.** If heteroscedasticity is present in a regression model but ignored, the OLS estimator will be :
(a) Inconsistent (b) Inefficient (c) Both (a) and (b) (d) Too large

**36.** Which of the following is not a method of credit control ?
(a) Change in bank rate (b) Open market operations
(c) Change in cash reserve ratio (d) Promotion of savings

**37.** Read the following :
1. Price stability
2. Economic growth
3. Exchange rate stability
4. Increase in public investment

Which of the above is/are fundamental objectives of monetary policy ?
(a) Only 1 (b) 1 and 2 (c) 1, 2 and 3 (d) 1, 2 and 4

**38.** High powered money is defined as :
(a) Currency held by public
(b) Currency held by public + cash reserves of currency with the banks
(c) Demand deposits of public + other deposits
(d) Total money supply with the public

**39.** The value of deposit multiplier is equal to :
(a) Square of cash reserve ratio
(b) Inverse of cash reserve ratio
(c) Cash reserve ratio/statutory liquidity ratio
(d) Cash reserve ratio + statutory liquidity ratio

**40.** Credit rationing is which type of credit control method of Central Bank ?
(a) Quantitative method (b) Qualitative method
(c) (a) and (b) both (d) None of the above

**41.** The situation, when at full employment income level, aggregate demand exceeds aggregate supply, is known as :
(a) Inflationary gap (b) Output gap (c) Both (a) and (b) (d) Fiscal gap


Teachingninja.in

32. "अर्थमिति का सम्बन्ध अनुभाविक अवधारणा के आर्थिक नियमों से है ।" उपरोक्त परिभाषा किसने दी है ?
(a) एच.थेइल (b) पी.ए.सैम्युल्सन (c) मार्शल (d) एडम स्मिथ

33. नकारात्मक अवशिष्ट स्व–सहसम्बन्ध निम्नलिखित में से किसके द्वारा दर्शाया जाता है ?
(a) अवशेषों में पूर्ण यादृच्छिकता (b) अवशेषों में एक चक्रीय पैटर्न
(c) अवशेषों में एक वैकल्पिक पैटर्न (d) अवशेष जिनके मान्य शून्य के करीब हों

34. यदि बहुसंरेखता पूर्ण से कम है, तो प्रतिगमन गुणांक
(a) निर्धारित नहीं होंगे । (b) निर्धारित किन्तु बड़ी घातक त्रुटि के साथ ।
(c) छोटे धनात्मक मान वाले होंगे । (d) छोटे ऋणात्मक मान वाले होंगे ।

35. यदि प्रतिपगमन मॉडल में मौजूद विषम लैंगिकता को नजरअंदाज किया जाए, तो ओ.एल.एस. अनुमानक होगा :
(a) असंगत (b) अप्रभावी (c) दोनों (a) एवं (b) (d) बहुत बड़ा

36. निम्नलिखित में से कौन सा ऋण नियंत्रण का तरीका नहीं है ?
(a) बैंक दर में परिवर्तन (b) खुला बाज़ार परिचालन
(c) नकद जमा अनुपात में परिवर्तन (d) बचत प्रोत्साहन

37. निम्नलिखित को पढ़ें :
1. मूल्य स्थिरता
2. आर्थिक वृद्धि
3. विनिमय दर स्थिरता
4. सार्वजनिक निवेश में वृद्धि
उपरोक्त में से कौन सा/से मौद्रिक नीति के मुख्य उद्देश्य है/हैं ?
(a) केवल 1 (b) 1 और 2 (c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2 और 4

38. उच्च शक्ति मुद्रा को कैसे परिभाषित किया जाता है ?
(a) जनता द्वारा रखी गयी मुद्रा की मात्रा
(b) जनता द्वारा रखी गयी मुद्रा की मात्रा + बैंकों में मुद्रा की नकद जमा राशि
(c) जनता की माँग जमा + दूसरे सभी जमा राशि
(d) जनता द्वारा रखी गयी कुल मुद्रा की पूर्ति

39. जमा गुणक का मान होता है
(a) नकद जमा अनुपात के वर्ग के बराबर (b) नकद जमा अनुपात के विलोम के बराबर
(c) नकद जमा अनुपात/वैधानिक तरलता अनुपात (d) नकद जमा अनुपात + वैधानिक तरलता अनुपात

40. साख राशनिंग केन्द्रीय बैंक की साख नियन्त्रण की किस प्रकार की विधि है ?
(a) परिमाणात्मक विधि (b) गुणात्मक विधि (c) (a) एवं (b) दोनों (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

41. वह अवस्था, जब पूर्ण रोज़गार आय स्तर पर, कुल माँग कुल पूर्ति से अधिक हो, कहलाती है
(a) स्फीतिक अन्तराल (b) उत्पादन अन्तराल (c) (a) और (b) दोनों (d) राजकोषीय अन्तराल


Teachingninja.in

**42.** With reference to the Friedman's quantity theory of money, which of the following situation is/are correct ?

1. There are five forms of assets in which wealth can be held.
2. The demand for money is highly volatile.

(a) Only 1 (b) Only 2 (c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

**43.** Which of the following pair is not correctly matched ?

| | **Quantity Theory of Money** | | **Equation** |
|---|---|---|---|
| (a) | Fisher's equation | – | $P = \frac{MV}{T}$ |
| (b) | Cambridge equation | – | M = kPY |
| (c) | Robertson's equation | – | M = kPT |
| (d) | Keynes' equation | – | n = PY |

**44.** If the cash reserve ratio is 20%, then credit or deposit multiplier is :

(a) 1/5 (b) 4 (c) 5 (d) 10

**45.** During depression, the demand for money is :

(a) Perfectly inelastic
(b) Unitary elastic
(c) Relatively inelastic
(d) Perfectly elastic at very low rate of interest

**46.** Read the following statements about RBI's functions of banker's bank :

1. It acts as custodian of the cash reserves of commercial banks.
2. It acts as lender of the last resort.
3. It acts as bank of central clearances.

Which of above is/are correct ?

(a) Only 1 (b) Only 2 (c) 1 and 2 (d) 1, 2 and 3

**47.** Which of the following is referred to as high powered money ?

(a) Aggregate Monetary Reserves (AMR)
(b) Reserve Money
(c) Narrow Money
(d) Broad Money

**48.** Who believed that an increase in money outlay will lead to spending on a broad range of assets ?

(a) Keynes
(b) Monetarists
(c) Classical economists
(d) Post Keynesian economists

**49.** The effect of the creation of credit by the banks is :

(a) An increase in the national debt.
(b) An immediate rise in prices.
(c) An increase in money supply.
(d) An immediate increase in national income.

**50.** Primary function of Money is :

(a) Medium of Exchange
(b) Providing liquidity
(c) A reserve base for credit creation
(d) None of these



Teachingninja.in

42. फ्रीडमैन के मुद्रा परिमाण सिद्धान्त के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है/हैं ?

1. परिसम्पत्तियों के पाँच प्रकार हैं, जिसमें धन को रखा जा सकता है ।
2. मुद्रा की माँग अत्यन्त परिवर्तनीय है ।

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) दोनों 1 और 2 (d) न तो 1 और न ही 2

43. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | मुद्रा का परिमाण सिद्धान्त | | समीकरण |
|---|---|---|---|
| (a) | फिशर का समीकरण | – | $P = \frac{MV}{T}$ |
| (b) | कैम्ब्रिज समीकरण | – | M = kPY |
| (c) | रॉबर्टसन का समीकरण | – | M = kPT |
| (d) | केन्ज का समीकरण | – | n = PY |

44. यदि नकद आरक्षण अनुपात 20% है, तो साख या जमा गुणक है

(a) 1/5 (b) 4 (c) 5 (d) 10

45. अवसाद के दौरान, मुद्रा की माँग होती है

(a) पूर्णतया बेलोचदार (b) इकाई लोचदार
(c) तुलनात्मक बेलोचदार (d) बहुत कम ब्याज दर पर पूर्णतया लोचदार

46. आर.बी.आई. के बैंकों के बैंक कार्य के बारे में निम्न कथनों को पढ़ें :

1. यह व्यावसायिक बैंकों के नकद जमा के अभिरक्षक के रूप में कार्य करता है ।
2. यह अन्तिम ऋणदाता के रूप में कार्य करता है ।
3. यह बैंकों के केन्द्रीय निकासी का कार्य करता है ।

उपर्युक्त में कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

47. निम्नलिखित में से किसे उच्च शक्ति मुद्रा के रूप में जाना जाता है ?

(a) समग्र मौद्रिक संसाधन (AMR) (b) रक्षित मुद्रा
(c) संकीर्ण मुद्रा (d) वृहद् मुद्रा

48. मुद्रा पूर्ति में वृद्धि, परिसम्पत्तियों के वृहद प्रकार पर व्यय करने में परिणत होंगे, यह किसके द्वारा माना गया ?

(a) केन्ज (b) मुद्रावादी (c) प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री (d) केन्जेतर अर्थशास्त्री

49. बैंकों के द्वारा साख सृजन का प्रभाव होता है

(a) राष्ट्रीय ऋण में वृद्धि होती है । (b) कीमतों में तत्काल वृद्धि होती है ।
(c) मुद्रा पूर्ति में वृद्धि होती है । (d) राष्ट्रीय आय में तत्काल वृद्धि ।

50. मुद्रा का प्राथमिक कार्य है

(a) विनिमय का माध्यम (b) तरलता प्रदान करना
(c) साख सृजन हेतु आरक्षित आधार देना (d) इनमें से कोई नहीं


Teachingninja.in

**51.** Which of the following is not a 'near-money' ?
(a) Treasury bills (b) Demand deposits
(c) Time deposits (d) Postal savings deposits

**52.** The inflation of a sectional nature is called :
(a) Sporadic inflation (b) Comprehensive inflation
(c) Open inflation (d) Severe inflation

**53.** "Money is what money does" was said by :
(a) D.H. Robertson (b) F.A. Walker (c) G.F. Crowther (d) A. Marshall

**54.** When the government attempts to control the rise in prices, it is known as :
(a) Open inflation (b) Pressed inflation
(c) Repressed inflation (d) Comprehensive inflation

**55.** Which of the following is not correct as a condition to establish the neutrality of money ?
(a) Wage and price rigidity (b) Inelastic expectation
(c) Absence of money illusion (d) Perfect information

**56.** Who suggested to the Government of India to introduce expenditure tax ?
(a) N. Kaldor (b) J.R. Hicks (c) B. Hanson (d) Ursala Hicks

**57.** The Benefit-Received theory of allocation of tax burden was given by :
(a) Seligman (b) Lindahl (c) Dalton (d) Pigou

**58.** Among the following, which state is the first state to introduce VAT ?
(a) Bihar (b) Odisha (c) Haryana (d) Kerala

**59.** Which one of the following is not the part of Canons of taxation given by Adam Smith ?
(a) Canons of Equality (b) Canons of Certainty
(c) Canons of Productivity (d) Canons of Economy

**60.** With reference to the direct tax, which of the following statement is/are correct ?
1. The impact and incidence of tax is on the same person.
2. The impact and incidence of a tax is on different persons.
(a) Only 1 (b) Only 2 (c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

**61.** Which one of the following is not a characteristics of a tax ?
(a) Compulsory payment
(b) Tax is not at the cost of the benefit
(c) Aim of tax collection for public welfare.
(d) The benefit received is directly the return of tax.

**62.** The smaller the recipient's income, the smaller the proportionate addition made by the grant, is called :
(a) Progressive expenditure (b) Proportional expenditure
(c) Regressive expenditure (d) Compensatory expenditure



Teachingninja.in

**51.** निम्नलिखित में से कौन सी 'निकट मुद्रा' नहीं है ?
(a) ट्रेजरी बिल (b) माँग जमाएँ (c) समय जमाएँ (d) पोस्टल बचत जमाएँ

**52.** अनुभागीय प्रकृति की मुद्रास्फीति कहलाती है
(a) आंशिक मुद्रास्फीति (b) व्यापक मुद्रास्फीति
(c) खुली मुद्रास्फीति (d) गहन मुद्रास्फीति

**53.** "मुद्रा वही है, जो मुद्रा करती है", किसने कहा ?
(a) डी.एच. रॉबर्टसन (b) एफ.ए. वाकर (c) जी.एफ. क्राउथर (d) ए. मार्शल

**54.** जब सरकार कीमतों में वृद्धि पर नियन्त्रण का प्रयास करती है, तो उसे कहते हैं
(a) खुली मुद्रास्फीति (b) दबी मुद्रास्फीति (c) दमन मुद्रास्फीति (d) व्यापक मुद्रास्फीति

**55.** निम्नलिखित में से कौन सी शर्त मुद्रा की तटस्थता को स्थापित करने के लिए सही नहीं है ?
(a) मजदूरी एवं कीमत दृढ़ता (b) बेलोचदार प्रत्याशाएँ
(c) मुद्रा भ्रान्ति का न होना (d) पूर्ण जानकारी

**56.** किसने भारत सरकार को व्यय कर को प्रस्तुत करने का सुझाव दिया ?
(a) एन. कल्डोर (b) जे.आर. हिक्स (c) बी. हैन्सन (d) उर्सला हिक्स

**57.** कर बोझ के आबंटन का लाभ–प्राप्त सिद्धान्त किसने दिया ?
(a) सैलिगमैन (b) लिंडाहल (c) डाल्टन (d) पीगू

**58.** निम्नलिखित में से कौन सा राज्य वैट (VAT) लागू करने वाला पहला राज्य है ?
(a) बिहार (b) ओडिशा (c) हरियाणा (d) केरल

**59.** निम्नलिखित में से कौन सा एडम स्मिथ के करारोपण के सिद्धान्तों का हिस्सा नहीं है ?
(a) समानता का सिद्धान्त (b) निश्चितता का सिद्धान्त
(c) उत्पादकता का सिद्धान्त (d) मितव्ययिता का सिद्धान्त

**60.** प्रत्यक्ष कर के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है/हैं ?
1. कराघात और करापात एक ही व्यक्ति पर होता है ।
2. कराघात और करापात भिन्न व्यक्तियों पर होता है ।
(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) दोनों 1 और 2 (d) न तो 1 न ही 2

**61.** निम्नलिखित में से कर की कौन सी एक विशेषता नहीं है ?
(a) अनिवार्य भुगतान (b) कर लाभ की कीमत पर नहीं
(c) कर संग्रह का उद्देश्य सार्वजनिक कल्याण (d) प्राप्त लाभ सीधे कर की वापसी है

**62.** प्राप्तकर्ता की आय जितनी कम होगी, अनुदान द्वारा दिया गया आनुपातिक वृद्धि उतना ही कम होगा, कहलाता है :
(a) प्रगतिशील व्यय (b) आनुपातिक व्यय (c) प्रतिगामी व्यय (d) क्षतिपूरक व्यय


Teachingninja.in

**63.** Which of the following is not a source of public revenue ?
(a) Tax (b) Fee (c) Special Assessment (d) Import

**64.** The long term debt which is repayable after a year atleast or are not redeemable at all, is known as :
(a) Funded debt (b) Unfunded debt
(c) Marketable debt (d) Non-marketable debt

**65.** Primary deficit is calculated as :
(a) Fiscal deficit – Interest payments (b) Fiscal deficit – Loan payments
(c) Budget deficit – Interest payments (d) Budget deficit – Loan payments

**66.** Which of the following is not a government account in the perspective of state budget ?
(a) Consolidated Fund (b) Contingency Fund
(c) Public Account (d) Saving Account

**67.** If the elasticity of marginal income utility with respect to income is greater than unity, then the tax distribution will be :
(a) Regressive (b) Proportional (c) Progressive (d) Either (a) or (b)

**68.** Which one of the following is not the theory of tax shifting ?
(a) Concentration theory (b) Diffusion theory
(c) Cost of service theory (d) Demand and supply theory

**69.** The principle of "Maximum Social Advantage" is related to :
(a) Taxation (b) Public expenditure
(c) Public debt (d) Both taxation and public expenditure

**70.** Basis of corporate tax is :
(a) Profit after distribution of dividend (b) Total turnover of a company
(c) Profit before distribution of dividend (d) Capital employed in the company

**71.** Study of population is called :
(a) Study of democracy (b) Demography
(c) Microeconomics (d) Public finance

**72.** Crude Death Rate (CDR) is meant by :
(a) Total number of deaths in a given year
(b) Number of deaths in a given year per 1000 persons
(c) Number of deaths in the age-group of 10-30 years
(d) Average number of deaths in a year per 1000 births

**73.** Migration from developed to less developed regions is called as :
(a) Emigration (b) Immigration
(c) Perverse Migration (d) Reverse Migration



Teachingninja.in

63. निम्नलिखित में से कौन सा एक राजस्व आय का स्रोत नहीं है ?
(a) कर (b) शुल्क (c) विशेष निर्धारण (d) आयात

64. दीर्घकालीन ऋण जो कि कम से कम एक वर्ष के उपरान्त लौटा दिए जाते हैं अथवा बिलकुल भी शोध्य नहीं होते हैं, वे क्या कहलाते हैं ?
(a) निधिक ऋण (b) अनिधिक ऋण (c) क्रय–योग्य ऋण (d) अक्रय–योग्य ऋण

65. प्रारम्भिक घाटे की गणना किस प्रकार की जाती है ?
(a) राजकोषीय घाटा – ब्याज की अदायगियाँ
(b) राजकोषीय घाटा – ऋणों की अदायगियाँ
(c) बजट घाटा – ब्याज की अदायगियाँ
(d) बजट घाटा – ऋणों की अदायगियाँ

66. राज्य बजट के परिप्रेक्ष्य में निम्न में से कौन सरकारी लेखा नहीं है ?
(a) समेकित निधि (b) आकस्मिक निधि (c) लोक खाता (d) बचत खाता

67. यदि आय के संबंध में सीमान्त आय उपयोगिता की लोच एक से अधिक है, तो कर वितरण होगा
(a) प्रतिगामी (b) आनुपातिक (c) प्रगतिशील (d) या तो (a) या (b)

68. निम्नलिखित में से कौन सा कर विवर्तन का सिद्धान्त नहीं है ?
(a) केन्द्रीयकरण सिद्धान्त (b) प्रसरण सिद्धान्त
(c) सेवा का लागत सिद्धान्त (d) माँग और पूर्ति सिद्धान्त

69. 'अधिकतम सामाजिक लाभ' का सिद्धान्त किससे सम्बन्धित है ?
(a) करारोपण से (b) सार्वजनिक व्यय से
(c) सार्वजनिक ऋण से (d) करारोपण एवं सार्वजनिक व्यय दोनों से

70. कॉर्पोरेट कर का आधार है
(a) लाभांश वितरण के बाद का लाभ (b) कम्पनी का कुल कारोबार
(c) लाभांश वितरण के पूर्व का लाभ (d) कम्पनी में योजित पूँजी

71. जनसंख्या का अध्ययन कहा जाता है
(a) लोकतंत्र का अध्ययन (b) जनांकिकी
(c) सूक्ष्म अर्थशास्त्र (d) लोक वित्त

72. अशोधित मृत्यु दर से तात्पर्य है
(a) दिए गए किसी वर्ष में मृत व्यक्तियों की संख्या
(b) किसी वर्ष में प्रति 1000 व्यक्तियों पर मृत व्यक्तियों की संख्या
(c) 10–30 आयु वर्ग में मृत व्यक्तियों की संख्या
(d) एक वर्ष में प्रति 1000 जन्मों पर मृत्युओं की औसत संख्या

73. विकसित से अल्पविकसित क्षेत्रों की ओर प्रवास कहलाता है
(a) उत्प्रवासन (b) आव्रजन (c) विकृत प्रवासन (d) प्रतिलोम प्रवासन


Teachingninja.in

**74.** The Total Fertility Rate is :
(a) The birth of girl child divided by the total female population
(b) The number of births divided by the total population
(c) The average number of children a woman will likely to bear in her reproductive period
(d) The birth of girl child of a given age divided by the total number of women at that age

**75.** Which of the following is the correct formula of Crude Birth Rate (CBR) ?
(a) $\frac{\text{Total number of children who took birth in a year}}{\text{Total population of the year}} \times 1000$
(b) $\frac{\text{Total number of live births}}{\text{Total population}} \times 100$
(c) $\frac{\text{Specified Age group of Women}}{\text{Total population}} \times 1000$
(d) $\frac{\text{Total number of live birth}}{\text{Population of Women}} \times 1000$

**76.** Which of the following condition is characterised by second stage of demographic transition ?
(a) Low birth rate, low death rate
(b) High birth rate, high death rate
(c) High birth rate, declining death rate
(d) Low birth rate, high death rate

**77.** Net population change is determined by :
(a) Birth rate and death rate
(b) Migration
(c) Fertility
(d) (a) and (b) both

**78.** Population pyramids are useful to :
(a) indicate the birth rates.
(b) express the age and sex distribution of population.
(c) express the population growth rates.
(d) indicate the death rates.

**79.** Which cannot be included in the causes of demographic dividend ?
(a) Falling birth rate
(b) Lower fertility rate
(c) Increased longevity
(d) Illiteracy

**80.** The word 'Demography' was first used by :
(a) Achille Guillard
(b) Levasseur
(c) Van Mayr G.
(d) Whipple, G.C.

**81.** When was the Malthusian theory of population first proposed ?
(a) 1798 (b) 1880 (c) 1893 (d) 1993

**82.** The relation between population and economic development is established by :
(a) Theory of Net Reproductive Rate
(b) Demographic Transition Theory
(c) Biological Stage Theory of Ginni
(d) Herbert Spencer's Theory

**83.** The opportunity cost principle presented by Haberler applies :
(a) on variable factor ratios
(b) on fixed factor ratios
(c) on the law of output growth
(d) on the principle of diminishing product



Teachingninja.in

**74.** कुल प्रजनन दर क्या है ?
(a) बालिका जन्म भागित कुल महिला जनसंख्या
(b) कुल जन्म भागित कुल जनसंख्या
(c) प्रजनन काल में एक स्त्री द्वारा औसत जन्मित बच्चों की सम्भावित संख्या
(d) दिए गए आयु में जन्मित कन्या भागित उस आयु वर्ग की कुल महिला जनसंख्या

**75.** निम्नलिखित में से अशोधित जन्म दर (CBR) का सही सूत्र कौन सा है ?
(a) $\frac{\text{एक वर्ष में कुल जन्में शिशुओं की संख्या}}{\text{उस वर्ष की कुल जनसंख्या}} \times 1000$
(b) $\frac{\text{जीवित जन्म की कुल संख्या}}{\text{कुल जनसंख्या}} \times 100$
(c) $\frac{\text{महिलाओं का विशिष्ट आयु वर्ग}}{\text{कुल जनसंख्या}} \times 1000$
(d) $\frac{\text{जीवित जन्म की कुल संख्या}}{\text{महिलाओं की जनसंख्या}} \times 1000$

**76.** जनांकिकी संक्रमण की द्वितीय अवस्था को निम्नांकित में से कौन प्रदर्शित करता है ?
(a) निम्न जन्म दर, निम्न मृत्यु दर
(b) उच्च जन्म दर, उच्च मृत्यु दर
(c) उच्च जन्म दर, गिरती हुई मृत्यु दर
(d) निम्न जन्म दर, उच्च मृत्यु दर

**77.** शुद्ध जनसंख्या परिवर्तन निम्नांकित में से किसके द्वारा निर्धारित होता है ?
(a) जन्म दर और मृत्यु दर
(b) प्रवासन
(c) प्रजननता
(d) (a) और (b) दोनों

**78.** जनसंख्या पिरामिड उपयोगी हैं
(a) जन्म दर दर्शाने में
(b) जनसंख्या के आयु और लिंग वितरण को प्रदर्शित करने में
(c) जनसंख्या वृद्धि दर प्रदर्शित करने में
(d) मृत्यु दर प्रदर्शित करने में

**79.** जनांकिकी लाभांश के कारणों में किसे सम्मिलित नहीं किया जा सकता है ?
(a) गिरती हुई जन्म दर (b) निम्न प्रजनन दर (c) बढ़ती हुई उत्तरजीविता (d) अशिक्षा

**80.** 'जनांकिकी' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया ?
(a) आशिले गुइलार्ड (b) लिवासियर (c) वान मेयर जी. (d) व्हिपल जी.सी.

**81.** जनसंख्या का माल्थुसियन सिद्धान्त कब पहली बार प्रतिपादित किया गया था ?
(a) 1798 में (b) 1880 में (c) 1893 में (d) 1993 में

**82.** जनसंख्या एवं आर्थिक विकास में सम्बन्ध कौन स्थापित करता है ?
(a) शुद्ध प्रजनन दर का सिद्धान्त
(b) जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त
(c) गिनी का जैविक अवस्था सिद्धान्त
(d) हर्बर्ट स्पेन्सर का सिद्धान्त

**83.** हैबरलर द्वारा प्रस्तुत अवसर लागत सिद्धान्त लागू होता है
(a) परिवर्ती साधन अनुपातों पर
(b) स्थिर साधन अनुपातों पर
(c) उत्पत्ति वृद्धि नियम पर
(d) उत्पत्ति ह्रास नियम पर


Teachingninja.in

**84.** Purchasing power parity theory means :
(a) The value of country's currency depends on its purchasing power.
(b) The exchange rate between non-convertible paper currencies between two countries is proportional to the purchasing power of both countries.
(c) The value of money depends on its purchasing power.
(d) None of the above

**85.** Which of the following is not an assumption of comparative cost advantage theory ?
(a) Perfect competition in both the trading countries.
(b) Positive transport cost between the trading countries.
(c) Labour is the only source of production.
(d) Free trade between the countries.

**86.** Which of the following is/are not correctly matched ?

| | **Criteria** | | **Types of Tariff** |
|---|---|---|---|
| 1. | Levy based | – | Ad valorem tax |
| 2. | Objective based | – | Single column tariff |
| 3. | Use base | – | Specific tax |

(a) 1, 2 and 3 (b) Only 1 (c) 1 and 2 (d) 2 and 3

**87.** If demand elasticity for imports is more elastic (e > 1), then import price _______.
(a) will increase (b) will decrease
(c) will remain constant (d) All of the above

**88.** Which one of the following is not the part of Capital Account of Balance of Payments ?
(a) Merchandise trade – Export & Import (b) Foreign investment
(c) Foreign borrowing (d) Banking transactions

**89.** Which of the following is not a direct method of exchange control ?
(a) Government intervention (b) Blocked account
(c) Export bounties and subsidies (d) Exchange restrictions

**90.** Adam Smith accepted which type of trade as a National policy ?
(a) Free trade (b) Protection (c) Restricted trade (d) Cartel

**91.** Stopler–Samuelson & Rybezynski theorem is known as –
(a) Factor–Price Equalization theorem (b) Factor Intensity Reversal theorem
(c) Factor Endowment Theorem (d) None of the above

**92.** Which of the following argument is prominently given in the favour of protection ?
(a) Security from dumping (b) To protect infant industries
(c) To protect standard of living (d) To maintain high wage system

**93.** European Common Market (ECM) can be put in which form of economic unification ?
(a) Free Trade Area
(b) Custom Union
(c) Economic and Social Union
(d) Complete economic unification and socialization


Teachingninja.in

**84.** क्रय शक्ति समता सिद्धान्त से आशय है
(a) किसी देश की मुद्रा का मूल्य उसकी क्रय शक्ति पर निर्भर करता है ।
(b) दो देशों के बीच की अपरिवर्तनशील पत्र मुद्राओं के बीच की विनिमय दर दोनों मुद्राओं की क्रयशक्ति के अनुपात में होती है ।
(c) मुद्रा का मूल्य उसकी क्रय शक्ति दर निर्भर करता है ।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85.** निम्नलिखित में से कौन तुलनात्मक लागत लाभ सिद्धान्त की धारणा नहीं है ?
(a) दोनों व्यापारिक देशों में पूर्ण प्रतियोगिता
(b) व्यापारिक देशों के बीच चयनात्मक परिवहन लागत
(c) श्रम ही एकमात्र उत्पादन का स्रोत है
(d) दो देशों के बीच मुक्त व्यापार

**86.** निम्नलिखित में से कौन सा/से सही मिलान नहीं है/हैं ?

| | आधार | | तट कर के प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1. | वसूली के आधार पर | – | मूल्यानुसार कर |
| 2. | उद्देश्य के आधार पर | – | एकाकी स्तम्भ शुल्क |
| 3. | प्रयोग के आधार पर | – | विशिष्ट कर |

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1
(c) 1 और 2
(d) 2 और 3

**87.** यदि आयातों की माँग की लोच अधिक लोचदार ($e > 1$) है, तो आयात मूल्य में
(a) वृद्धि होगी ।
(b) कमी होगी ।
(c) स्थिर रहेगा ।
(d) उपरोक्त सभी

**88.** निम्नलिखित में से कौन सा भुगतान संतुलन के पूँजी खाते का भाग नहीं है ?
(a) माल व्यापार – निर्यात एवं आयात
(b) विदेशी विनियोग
(c) विदेशी ऋण
(d) बैंकिंग लेन-देन

**89.** निम्नलिखित में से कौन सी विनिमय नियन्त्रण की प्रत्यक्ष विधि नहीं है ?
(a) सरकारी हस्तक्षेप
(b) अवरुद्ध खाते
(c) निर्यात प्रोत्साहन एवं अनुदान
(d) विनिमय पाबन्दियाँ

**90.** एडम स्मिथ ने किस प्रकार के व्यापार को राष्ट्रीय नीति के रूप में स्वीकार किया ?
(a) स्वतन्त्र व्यापार
(b) संरक्षण
(c) नियन्त्रित व्यापार
(d) कारटेल

**91.** स्टॉपलर – सैम्युल्सन – रिबेजिंस्की सिद्धान्त को कैसे जाना जाता है ?
(a) साधन कीमत समानीकरण सिद्धान्त
(b) साधन गहनता विलोम सिद्धान्त
(c) साधन बहुलता सिद्धान्त
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**92.** संरक्षण के पक्ष में निम्नलिखित में से कौन सा तर्क प्रमुख रूप से दिया जाता है ?
(a) राशिपातन से सुरक्षा
(b) शिशु उद्योगों को संरक्षण प्रदान करना
(c) जीवन स्तर को संरक्षित करना
(d) उच्च मजदूरी व्यवस्था को बनाये रखना

**93.** यूरोपियन साझा बाज़ार (ECM) को आर्थिक एकीकरण के किस रूप में रखा जा सकता है ?
(a) मुक्त व्यापार क्षेत्र
(b) कस्टम यूनियन
(c) आर्थिक एवं सामाजिक यूनियन
(d) पूर्ण आर्थिक एकीकरण एवं सामाजीकरण


Teachingninja.in

**94.** Which of the following items are included in total balance of payments ?
(a) Balance of trade (b) Current account
(c) Capital account (d) All of the above

**95.** How many countries are the members of European Economic Community or European Union as on 1st January, 2024 ?
(a) 12 (b) 15 (c) 25 (d) 27

**96.** Which institution is known as 'Soft Loan Window' of the World Bank ?
(a) IDA (b) IBRD (c) IFC (d) MIGA

**97.** Where was the 13th Ministerial Conference of the WTO held ?
(a) Geneva (b) Doha (c) Abu-Dhabi (d) Cancun

**98.** Brettonwoods twins are :
(a) IFC and IMF (b) IMF and IBRD (c) IMF and ADB (d) IMF and IDA

**99.** Which of the following countries is not the founder member of BRICS ?
(a) Brazil (b) India (c) South Africa (d) Russia

**100.** All the credit and debit entries in the international liquidity account are regarded as :
(a) Autonomous transactions (b) Accommodating transactions
(c) Both (a) and (b) (d) Unilateral transactions

**101.** The automatic BoP adjustment process works through a change in _______.
(a) Expenditure level (b) Consumption level
(c) Exchange rate (d) Money supply

